# रेंजर समिति (रिपोर्ट 2023 - 24)

सत्र के प्रारंभ होते ही सर्वप्रथम स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 को रेंजर्स द्वारा प्रभात फेरी के अंतर्गत रैली निकाली गई।








15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी रेंजर्स ने उत्साह से प्रतिभाग किया। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में टीका राम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में रेंजर विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति रेंजर्स ने दी। प्रवेश व निपुण कोर्स की विभिन्न रेंजर्स ने देश भक्ति का समूह गीत (लहू का रंग एक है) प्रस्तुत किया तथा नृत्य की प्रस्तुतियां भी दीं। सर्वप्रथम रेंजर प्रभारी प्रोफेसर सीमा अग्रवाल, सह प्रभारी प्रोफेसर शैली शर्मा और सुश्री जगवती के मार्गदर्शन में प्रभात फेरी के अंतर्गत एक रैली सुनिश्चित की गई। 'मेरा माटी मेरा देश' से संबंधित विभिन्न नारे लगाते हुए रेंजर्स ने रैली में प्रतिभाग किया। देश व समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध होते हुए शपथ दिलाई गई तथा पूरे जोश के साथ छात्राओं ने अपना अपूर्व योगदान दिया।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner




16 अगस्त 2023 को रेंजर समिति के छात्राओं व शिक्षिकाओं द्वारा पौधा रोपण किया गया।









17 अगस्त 23 को स्वतंत्रता सेनानी "मदन लाल ढींगरा का देश के प्रति योगदान"

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner


शीर्षक के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम फबीहा बी ए सेकंड ईयर , द्वितीय मनीषा बीए थर्ड ईयर , तृतीय अंशु एम ए फाइनल , प्रीति एम एफाइनल और वैष्णवी रानी एम एफाइनल को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। निर्णयाक की भूमिका श्रीमती सोफिया खातून ने निभाई।
15 सितंबर 2023 को प्रवेश व रेंजर की छात्रों को सर्टिफिकेट दिए गए।




1 अक्टूबर 2023 को रेंजर विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से टीकाराम कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में छात्राओं तथा शिक्षिकाओं द्वारा श्रमदान किया गया। 10 रेंजर ने रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया तथा इस हेतु शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही प्रभात फेरी के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता हेतु नारे भी लगाए। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर शर्मिला शर्मा ने छात्राओं को सफाई हेतु स्वच्छता से संबंधित अनेक बिंदुओं द्वारा प्रोत्साहित किया तथा इसके उपरांत रेंजर प्रभारी प्रोफेसर सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को प्रभात फेरी में सहयोग किया तथा स्वयं भी श्रमदान देकर रेंजर्स को प्रोत्साहित किया।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner




2 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती के उपलक्ष में आरएमपीयू में रेंजर द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की गई तथा वैष्णव जन और रघुपति राघव जैसे गीतों को गाकर गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण किया गया। यह गीत गाने वाली छात्राएं हिमाद्री, कल्पना और मोनिका थी।




9 अक्टूबर 2023 को "विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" पर आरएमपीयू में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें 8 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया और सरस्वती वंदना, कुल गीत का गायन कल्पना, मोनिका, कोमल तथा शालिनी आदि छात्राओं ने किया।

Principal
Shri Tika Ram ... Mahavidyalaya

Scanned with OKEN Scanner



19 दिसंबर 2023 को जामिया उर्दू कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में आयोजित सात दिवसीय बेसिक रोवर रेंजर कोर्स शिविर का समापन किया गया। इसके अंतर्गत एडवांस तथा बेसिक प्रशिक्षिकाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में रेंजर प्रभारी प्रोफेसर सीमा अग्रवाल उपस्थित थी।



दैनिक जागरण अलीगढ़

राष्ट्र के उत्थान में स्काउट्स की अहम भूमिका

जामिया उर्दू कालेज आफ एजुकेशन मे आयोजित शिविर के समापन पर कुलपति प्रो. चन्द्रशेखर, प्राचार्य डा. एमएस खान व अन्य • सौ. आयोजक

जास, अलीगढ : जामिया उर्दू कालेज आफ एजुकेशन मे आयोजित सात दिवसीय बेसिक रोवर्स/रेंजर्स लीडर कोर्स शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चन्द्रशेखर ने शिविर का निरीक्षण कर राष्ट्र के उत्थान मे स्काउट्स की भूमिका को अहम बताया। कुलपति ने कहा कि स्काउटिंग से हम समाज व राष्ट्र के उत्थान मे अहम भूमिका निभा सकते है। ऐसे रोवर्स/रेंजर्स लीडर प्रशिक्षण शिविरो के आयोजन से सजग, सतर्क और स्वस्थ रहकर समाज को नई राह दिखा सकते है। जामिया उर्दू कालेज आफ एजुकेशन के संस्थापक फरहत अली खान ने सरकार द्वारा स्काउटिंग पर बल दिए जाने पर खुशी जताई और अपने छात्र जीवन के स्काउटिंग के अनुभव साझा किए। कोर्स समन्वयक प्रो. अंजना कुमारी ने आभार जताया। रोवर्स/रेंजर्स की सभी चार टोलियो ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त रेंजर्स डा. रुखसाना बेगम, एनएसएस समन्वयक प्रो. नीता वार्ष्णेय, प्रो. गीतिका सिंह, प्रो. सीमा बंसल, डा. फहद अली, प्राचार्य डा. एमएस खान, डा. गिरिराज किशोर, प्रो. राजवीर सिंह, प्रशिक्षक प्रदीप गुप्ता, आशा कुशवाह, कविता पाण्डेय, डा. रवेंद्र राजपूत आदि उपस्थित रहे।

राजस्व जमा किए बिना बिजली का प्रयोग करते 12 पकड़े

जास, अलीगढ़ बिजली विभाग की

प्रहरी क्लब

8 जनवरी 2024 को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh


Scanned with OKEN Scanner

र्मिला शर्मा के निर्देशानुसार एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका टॉपिक था "एक युद्ध नशे के विरुद्ध"। रेंजर विभाग के तत्वाधान में इस विषय पर छात्राओं ने अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता में 10 रेंजर छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक गण प्रो मिश्कात आबिदी (हिंदी विभागाध्यक्ष) और प्रो शालिनी चौधरी (इतिहास विभागाध्यक्ष) रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कंचन, द्वितीय स्थान रिंकी, तृतीय स्थान करिश्मा एवं प्रोत्साहन शोभा ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में 40 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन रेंजर प्रभारी प्रो सीमा अग्रवाल ने किया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने पूरे जोश के साथ प्रतिज्ञा की, कि हम नशे के विरुद्ध कुछ ठोस कदम अवश्य उठाएंगे। क्योंकि इस नशे की प्रवृत्ति के कारण कई परिवार बर्बाद होते जा रहे हैं। अंत में छात्राओं को सर्टिफिकेट आदि देकर सम्मानित किया गया। नशे के विरुद्ध जागरूकता के साथ छात्राओं ने अन्य छात्राओं से भी इस कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। प्रहरी क्लब का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रो सीमा अग्रवाल (संगीत विभाग) सचिव साक्षी शर्मा (एम ऐ पूर्वार्ध), उपसचिव सोनी सिंह (एम ए पूर्वार्ध), सदस्य कंचन बीए 4th सेमेस्टर, मोहिनी बीए 4th सेमेस्टर, कुमकुम बीए 4th सेमेस्टर,करिश्मा बीए 4th सेमेस्टर रहीं।




Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner






www.jagran.com

## छात्राओं ने एक युद्ध नशे के विरुद्ध की जगाई अलख

श्री टीकाराम महाविद्यालय में हुई भाषण प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं, साथ में शिक्षिकाएं • सौ. आयोजक

जासं, अलीगढ़ : श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें 10 रेंजर छात्राओं ने 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' विषय पर अलख जगाई। रेंजर विभाग के तत्वावधान में छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे नशे के विरुद्ध ठोस कदम उठाएंगी। नशे की प्रवृत्ति से कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। प्रथम स्थान पर कंचन, द्वितीय स्थान पर रिंकी, तृतीय स्थान पर करिश्मा रहीं। प्रोत्साहन पुरस्कार शोभा ने प्राप्त किया। प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। नशे के विरुद्ध जागरूकता पर छात्राओं से भी चर्चा की गई। 'प्रहरी क्लब' का गठन किया गया। निर्णायक प्रो. मिशकात आबिदी व प्रो. शालिनी चौधरी रहीं। मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. सुमन रघुवंशी, प्रो. प्रभा वार्ष्णेय, समिति सदस्य प्रो. शैली शर्मा, जगवती का विशेष योगदान रहा। संयोजन एवं संचालन रेंजर प्रभारी प्रो. सीमा अग्रवाल ने किया।

20 जनवरी 2024 को "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" शीर्षक के अंतर्गत छात्राओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 16 रेंजर ने प्रतिभाग किया। प्रथम मोहिनी बीए द्वितीय वर्ष , द्वितीय कंचन बीए द्वितीय वर्ष और सोनाली एमए फाइनल, तृतीय प्रीति एमए फाइनल, सांत्वना पुरस्कार अंशु एमए फाइनल और पारुल बीए तृतीय वर्ष छात्राएं रही। इसमें निर्णायक श्रीमती सोफिया खातून रही।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner



26 जनवरी 2024

सामूहिक गीत -- आजादी हक भी है अपना, निर्देशन -- प्रो सीमा अग्रवाल, तबले पर प्रो स्मृति कौशिक । हिमाद्री, कल्पना राजोरिया, मोनिका शर्मा, कंचन गॉड, रंजना, कोमल आदि बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।


एकल गीत -- हिमाद्री गौतम ( देश रंगीला -- कैरी ओके के साथ )




10 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में रेंजर समिति के अंतर्गत रेंजर प्रभारी प्रो सीमा अग्रवाल, बी एल ओ श्रीमती माधुरी सोलंकी और उनकी सहयोगी श्रीमती खुशबू शर्मा ने सभी छात्राओं को जानकारी दी ।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner




**हिन्दुस्तान पहल न्यूज**
अलीगढ़, उत्तर प्रदेश

सुविचार -

शनिवार, 10/02/2024

## टीकाराम कन्या महाविद्यालय में मतदाता पहचान पत्र के विषय में जानकारी दी गई। प्राचार्या प्रोफेसर शर्मिला शर्मा



**ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार शर्मा** अलीगढ़ टीकाराम कन्या महाविद्यालय में मतदाता पहचान पत्र के विषय में जानकारी दी गई। प्राचार्या प्रोफेसर शर्मिला शर्मा वत्स के निर्देशन में रेंजर विभाग के अंतर्गत, रेंजर प्रभारी प्रोफेसर सीमा अग्रवाल ने सभी छात्राओं को ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु प्रेरित किया और इस पहचान पत्र की विशेषताओं से अवगत कराया। लगभग 40 छात्राओं ने पहचान पत्र बनवाए। अन्य लगभग 30 छात्राओं ने इसके संबंध में जानकारी प्राप्त की। बी एल ओ श्रीमती माधुरी सोलंकी और उनकी सहयोगी श्रीमती खुशबू शर्मा ने सभी छात्राओं को जानकारी दी कि वह अपना पहचान पत्र ऑनलाइन भी बनवा सकती हैं, और इसके साथ ही इससे संबंधित फॉर्म भरने की तथा आधार कार्ड, फोटो आदि की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। 1 जनवरी 2024 को जो भी छात्राएं 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं, उनके लिए मतदाता पहचान पत्र नितांत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त अन्य छात्राएं जिनका यह पत्र नहीं बन पाया है या खो गया है, वह भी इसे आवश्यक रूप से बनवा सकती हैं। छात्राओं ने शपथ ली कि वह इसे अवश्य ही बनवाएंगी और अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी।


Principal
Shri Tika Ram
Mahavidyala

20 फरवरी 2024 को "देश की प्रगति में महिलाओं की भूमिका" शीर्षक के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 32 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया तथा प्रथम वैष्णवी, द्वितीय अंशु और संविदा, तृतीय नैंसी वशिष्ठ,

Scanned with OKEN Scanner

त्साहन शक्ति और मोहिनी को मिला। निर्णायक की भूमिका में प्रो प्रभा वार्ष्णेय रही।






Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner




अमर उजाला 21 मार्च 2024

## स्काउट व गाइड के इतिहास की दी जानकारी

अमर उजाला 21 मार्च 2024

## रेंजर शिविर में छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

हिन्दुस्तान 22 मार्च 2024



## निपुण रेंजर की परीक्षा में प्रीति को प्रथम स्थान


हिन्दुस्तान 23 मार्च 2024

## पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

अमर उजाला 23.3.24

**अमर उजाला** 20.3.24

## गांठ बांधने की जानकारी दी



टीकाराम कन्या महाविद्यालय में रोवर रेंजर्स शिविर में छात्राएं। संवाद

अलीगढ़। श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय के बीएड विभाग की ओर से रोवर रेंजर शिविर का आयोजन किया गया।

स्काउट व गाइड शिविर में टेंट से संबंधित खूंटा गांठ, सेटा मजोरा, शिकार, लॉकरी, धनाकार, लपुकर, छुमंतर, मोरा गांठ आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक प्रो. मंजू यादव व प्रेम पाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्रशिक्षकों ने छात्राओं को क्राफ्ट में पेपर से पेन होल्डर, त्रिभुज पर्स आदि बनाना सिखाया।

इस अवसर पर सहसंयोजक डॉ. नीरु यादव, डॉ. मधु माहौर, डॉ. आदिति जैन, आरती शर्मा आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

अमर उजाला 20 मार्च 2024

## स्काउट गाइड शिविर में बताए गए विभिन्न गुर

अलीगढ़। श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय के बीएड विभाग की ओर से पांच दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन महाविद्यालय के रोवर रेंजर शिविर के कोलैबोरेशन में प्रशिक्षक प्रो. मंजू यादव व प्रेम पाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सहसंयोजक डॉ. नीरू यादव, डॉ. मधु माहौर, डॉ. आदिति जैन, आरती शर्मा व संजय मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान 20 मार्च 2024

## रेंजर निपुण प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

जासं, अलीगढ़ : श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सोमवार को पांच दिवसीय रेंजर प्रवेश और निपुण प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। इसमें छात्राओं ने खूब उत्साह दिखाया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. शर्मिला शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम दिन प्रशिक्षक डा. आरजे वर्मा व डा. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को रेंजर के रूप में समाज में उनके योगदान, ध्वज शिष्टाचार टोली का निर्माण, प्रार्थना का झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा आदि से अवगत कराया। रेंजर्स ने संकेत खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें मनीषा प्रथम व रश्मि द्वितीय रहीं। दौड़ प्रतियोगिता में जी-5 टोली ने प्रथम, जी-2 टोली ने द्वितीय व जी-4 टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेंजर प्रभारी प्रो. सीमा अग्रवाल, सह प्रभारी प्रोफेसर शैली शर्मा, सह प्रभारी जगवती का विशेष योगदान रहा। मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. सुमन रघुवंशी ने विचार रखे।

दैनिक जागरण 19 मार्च '24

## रेंजर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अलीगढ़। श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर प्रवेश और निपुण प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. शर्मिला शर्मा ने किया।

पहले दिन प्रशिक्षक डॉ. आरजे वर्मा व डॉ. सीमा अग्रवाल ने रेंजर्स के योगदान के विषय में बताया। ध्वज, शिष्टाचार टोली का निर्माण, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम और प्रतिज्ञा आदि से अवगत कराया गया। प्रवेश व निपुण रेंजर्स ने संकेत खेल प्रतियोगिता में मनीषा पहले, रश्मि दूसरे स्थान पर रहीं।

दौड़ प्रतियोगिता में जीएस-5 टोली पहले, जी-2 टोली दूसरे और जी-4 टोली तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर सह प्रभारी प्रो. शैली शर्मा, जगवती का विशेष योगदान रहा। मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. सुमन रघुवंशी उपस्थित रहीं। ब्यूरो

→ अमर उजाला 19 मार्च 2024

## पंचदिवसीय रेंजर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अलीगढ़। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सोमवार को पांच दिवसीय रेंजर प्रवेश और निपुण प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. शर्मिला शर्मा द्वारा किया गया। प्रशिक्षक डॉक्टर आरजे वर्मा, डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा रेंजर्स को एक रेंजर के रूप में समाज में उनके योगदान के विषय में बताया गया। खेल में प्रथम मनीषा, द्वितीय रश्मि रहीं। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम जी5 टोली, द्वितीय जी2 टोली और तृतीय जी4 टोली रहीं। प्रोफेसर सीमा अग्रवाल रहीं।

हिन्दुस्तान 19 मार्च 2024

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner


पंचदिवसीय रेंजर प्रशिक्षण शिविर
(18 मार्च 2024 से 22 मार्च 2024)




शिविर के प्रथम दिन प्रशिक्षक डॉ आर.जे. वर्मा तथा डॉ सीमा अग्रवाल द्वारा रेंजर्स को एक रेंजर के रूप में समाज में उनके योगदान के विषय में बताया गया तथा ध्वज शिष्टाचार, टोली का निर्माण, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम और प्रतिज्ञा आदि से अवगत कराया गया। रेंजर्स की पांच टोलियां बनाकर समूह में काम करने की भावना के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। प्रवेश एवं निपुण रेंजर्स ने संकेत खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें प्रथम मनीषा बी ए 6th सेमेस्टर , द्वितीय रश्मि बीए फोर्थ सेमेस्टर विजेता रही। एक अन्य दौड़ प्रतियोगिता में पांच टोलियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम G5 टोली ,द्वितीय G 2 टोली और तृतीय G4 टोली रही।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner




शिविर के दूसरे दिन रेंजर विभाग और बीएड विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दूसरे दिन टोलियों ने कैंप फायर किया। इसके अंतर्गत एकल तथा समूह गीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। दोनों विभाग की स्काउट गाइड छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।




तीसरे दिन रेंजर्स को प्रशिक्षक प्रो सीमा अग्रवाल एवं डॉ आर. जे. वर्मा ने तंबू निर्माण संबंधी जानकारी, खोज के चिह्न, सीटियों के संकेत, प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। गाँठ बंधन प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें पहला स्थान शक्ति एवं तरन्नुम खान, द्वितीय स्थान नेहा एवं प्रीति, तृतीय स्थान पारुल, उपकार कौर और प्रीति ने प्राप्त किया। निपुण प्रशिक्षण प्राप्त कर रही रेंजर्स को प्रवेश प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट प्राचार्या प्रो शर्मिला शर्मा द्वारा दिए गए।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner

vernment of India Regi. No. Udyam - UP-02-0049776

HPN हिंदुस्तान पहल न्यूज़ 24×7
News 24×7
Hindi Web News Channel
समाचार व विज्ञापनों के लिए संपर्क करें मो0,9719859900,9319826256

अलीगढ़, उत्तर प्रदेश HPN News 24x7 बुधवार, 20/03/2024

## पांच दिवसीय रेंजर प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन रेंजर्स को ध्वज के विषय में प्रशिक्षक श्री प्रेमपाल सिंह और डॉक्टर आर. जे. वर्मा द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई





ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार शर्मा:-अलीगढ़ पांच दिवसीय रेंजर प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन रेंजर्स को ध्वज के विषय में प्रशिक्षक श्री प्रेमपाल सिंह और डॉक्टर आर. जे. वर्मा द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। रेंजर विभाग और बीएड विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दूसरे दिन टोलियों ने कैंप फायर किया। इसके अंतर्गत एकल तथा समूह गीत एवं नृत्य की विभिन्न परिस्थितियों के द्वारा छात्राओं ने स्वयं ढोलक के साथ जीत भी गए और नृत्य भी किये। दोनों विभाग की स्काउट गाइड छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। प्रशिक्षक वर्मा जी ने रेंजर्स को गांठ एवं बंधन के विषय में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण में रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर सीमा अग्रवाल, बी एड प्रभारी प्रोफेसर मंजू यादव, रेंजर सह प्रभारी प्रोफेसर शैली शर्मा और सह प्रभारी सुश्री जगवती, डॉक्टर मधु माहौर, डॉक्टर नीरू यादव, सुश्री आरती शर्मा का विशेष योगदान रहा।





चौथे दिन प्रशिक्षक डॉ. आर. जे. वर्मा के निर्देशन में तम्बू निर्माण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला शर्मा ने तंबू और रंगोली प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रो शालिनी चौधरी और प्रो मंजू लता रहीं। तंबू निर्माण में पहला स्थान कल्पना चावला, द्वितीय रमाबाई, तृतीय महाकाली टोली की रेंजर्स ने प्राप्त किया। रंगोली

Principal
Shri Tika Ram ...ya Mahavidyalaya
Al...

Scanned with OKEN Scanner


तियोगिता में पहला स्थान महाकाली, दूसरा कल्पना चावला और तीसरा स्थान सावित्रीबाई टोली की रेंजर्स ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रो सीमा कौशिक और प्रो रेखा शर्मा रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा सिंह, द्वितीय स्थान वैष्णवी रानी और वंशिका गुप्ता, तृतीय स्थान कल्पना राजौरिया और प्रोत्साहन तरन्नुम खान ने प्राप्त किया।




पांचवे दिन पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रेंजर विभाग और बी एड विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 22 मार्च 2024 को संयुक्त रूप से सर्व धर्म समभाव प्रार्थना करायी गयी। इसके बाद रेंजर तथा बी एड की छात्राओं का दीक्षा संस्कार कराया गया। प्रत्येक रेंजर को रोली से तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर, उनका स्कार्फ लगाकर प्रतिज्ञा ली गई। वेस्ट मैटीरियल प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रो मिश्कात आबिदी, हिन्दी विभाग रहीं। प्रथम स्थान प्रीति सिंह, द्वितीय स्थान रजनी, तृतीय स्थान पारुल और प्रोत्साहन पूनम कुमारी ने प्राप्त किया। प्रो मंजू यादव, प्रो सीमा अग्रवाल, श्री प्रेमपाल सिंह और डॉ. राम जियावन वर्मा प्रशिक्षक के रूप में रहे। प्रशिक्षण में रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर सीमा अग्रवाल, रेंजर सह प्रभारी प्रो शैली शर्मा और सह प्रभारी सुश्री जगवती का विशेष योगदान रहा।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner




18 मार्च से 22 मार्च 2024 में प्रवेश व निपुण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें पांच टोली बनाई गई ।

G1 (रानी लक्ष्मीबाई टोली) इसमें नेहा सिंह, नैंसी वशिष्ठ, प्रीति, खुशी वार्ष्णेय, पारुल शर्मा और उपकार कौर थी।

G2 (महाकाली टोली) संविदा अग्रवाल, रिया सेन, हर्षिता, शिवानी, आयुषी पाठक, रिंकी और रजनी

G3 (कल्पना चावला टोली ) रागिनी, शक्ति ,प्रीति सिंह , मधु, तरन्नुम खान, सुनैना

G4 (रमाबाई टोली) वैष्णवी रानी, पूनम कुमारी, खुशबू कुमारी, मनीषा, अंशु, प्रीति ,कल्पना राजोरिया

G5 (सावित्रीबाई फुले टोली) लवली, वंशिका, शिवानी, रश्मि ,मोहिनी, पारुल, सोनाली और कंचन।

पोस्टर प्रतियोगिता विषय "मतदाता जागरूकता" निर्णायक प्रो सीमा कौशिक और प्रो रेखा शर्मा, कुल प्रतिभागी रेंजर्स 34 , प्रथम नेहा सिंह, द्वितीय वैष्णवी रानी और वंशिका गुप्ता , तृतीय कल्पना राजोरिया और प्रोत्साहन तरन्नुम खान

**रंगोली प्रतियोगिता** – निर्णायक प्रो शालिनी चौधरी प्रो मंजूलता, सभी 34 रेंजर प्रतिभागी, प्रथम स्थान G2 महाकाली टोली , द्वितीय G3 कल्पना चावला टोली, तृतीय G5 सावित्रीबाई फुले टोली।

तंबू निर्माण प्रतियोगिता निर्णायक प्रो शालिनी चौधरी प्रो मंजूलता , प्रथम G3, द्वितीय G4, तृतीय G2 ।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner

गांठ एवं बंधन प्रतियोगिता -- प्रथम शक्ति और तरन्नुम खान, द्वितीय नेहा और प्रीति, तृतीय पारुल, उपकार कौर और प्रीति

वेस्ट मटेरियल प्रतियोगिता निर्णायक प्रो मिश्कात आबिदी, प्रथम प्रीति सिंह, द्वितीय रजनी, तृतीय पारुल , प्रोत्साहन पूनम कुमारी ।

संकेत खेल प्रतियोगिता -- प्रथम मनीषा, द्वितीय रश्मि

दौड़ प्रतियोगिता तथा कैंप फायर में सभी रेंजर और बीएड विभाग की गाइड का समन्वयक रूप से प्रतिभागिता ।



# रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय से मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करती प्राचार्य प्रो. शर्मिला शर्मा • सौ. आयोजक

जासं, अलीगढ़ : श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय के रेंजर विभाग द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने बैनर, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शर्मिला शर्मा ने रैली का शुभारंभ करते हुए मतदान को लेकर छात्राओं को प्रेरित किया। कालेज से रवाना हुई रैली रामघाट रोड से सेंटर प्वाइंट, श्याम नगर से होते हुए पुनः कालेज पहुंची।

प्राचार्य ने बताया कि रैली में 30 रेंजर ने भाग लिया। लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। रैली में रेंजर विभाग की प्रभारी प्रो. सीमा अग्रवाल, सह प्रभारी प्रो. शैली शर्मा, जगवती आदि शामिल रहे।

4 अप्रैल 2024 को श्री टीका राम कन्या महाविद्यालय के रेंजर विभाग के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर शर्मिला शर्मा के उद्बोधन से हुआ । अपने उद्बोधन में उन्होंने मतदाता जागरूकता के विषय में छात्राओं को बताया और उन्हें प्रेरित किया । रैली महाविद्यालय से सेंट्रल पॉइंट से होती हुई श्याम नगर से महाविद्यालय में वापस आई। इस रैली में 30 रेंजर ने भाग लिया। सभी रेंजर्स ने मतदाता संबंधी पोस्टर और नारों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता प्रदर्शित की। संपूर्ण मार्ग में छात्राओं ने दुकानों और रास्ते के सभी राहगीरों के सामने जोश के साथ मतदान संबंधी नारे लगाए, जिससे सभी लोग प्रेरित हुए कि मतदान अति आवश्यक है। मतदान सभी को जरूर देना चाहिए। रेंजर विभाग की प्रभारी प्रो सीमा अग्रवाल, सह प्रभारी प्रो शैली शर्मा और सुश्री जगवती रैली में उपस्थित रही।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner